Chapter-21

ऍम एस वर्ड 2013 में ड्रॉप कैप का उपयोग कैसे करें

एमएस वर्ड 2013 में ड्रॉप कैप का उपयोग कैसे करें
(How to Use Drop Cap in MS Word 2013)

आपने अक्सर न्यूज़ पेपर, किताबों, पत्रिका, डॉक्यूमेंट या वेबसाइट्स में पैराग्राफ या सेक्शन के पहले अक्षर को बड़ा देखा होगा| ड्रॉप कैप एक Capital letter होता है जिसका उपयोग किसी पैराग्राफ या सेक्शन की शुरुआत में सजावटी तत्व के रूप में किया जाता है। ड्रॉप कैप अक्षर का आकार दो या दो से अधिक लाइनें का होता हैं। ड्राप कैप बाकि अक्षर से बड़ा होता है|

ड्रॉप कैप एमएस वर्ड में एक फोर्मेटिंग ऑप्शन है जो आपको अपने डॉक्यूमेंट में फैंसी कैपिटल अक्षर इन्सर्ट करने की अनुमति देता है जो बाकि सभी टेक्स्ट से बड़ा होता है| ड्रॉप कैप का उपयोग विभिन्न मीडिया में किया जाता है, जिसमें किताबें, अखबार के लेख, डॉक्यूमेंट और वेबपेज शामिल हैं। ड्रॉप कैप का उपयोग स्टाइल जोड़ने या पाठक का ध्यान खींचने के लिए किया जाता है। उदाहरण के लिए:



वर्ड 2013 में ड्रॉप कैप्स सुविधा का उपयोग करने के लिए निम्न स्टेप्स का उपयोग करें।

- पैराग्राफ के पहले अक्षर का चयन करें।



- INSERT टैब पर स्थित, Text group में से, Drop cap का चयन करें।



- आपको कई विकल्प दिखाई देंगे किसी एक का चयन करे जो आप चाहते हैं।

Dropped:- इस विकल्प का प्रयोग ड्रॉप कैप बनाने के लिए किया जाता हैं|



In Margin:- इस विकल्प का प्रयोग Drop cap के लिए मार्जिन सेट करने के लिए किया जाता हैं|



Tip: आप ड्रॉप कैप के आकार और फ़ॉन्ट को बदल सकते हैं, साथ ही टेक्स्ट से इसकी दूरी भी बदल सकते हैं। ऐसा करने के लिए, Drop Cap > Drop Cap Options, और विकल्पों के तहत, अपने चयन करें पर क्लिक करें।

ड्रॉप कैप को कैसे हटाये
(How to Remove a Drop Cap)

यदि आप अपने टेक्स्ट या पैराग्राफ से Drop Cap लैटर को हटाना चाहते हैं तो-

- सबसे पहले Drop Cap लैटर को सिलेक्ट करे|
- इसके बाद INSERT टैब पर स्थित, Text group में, Drop Cap आप्शन पर क्लिक करे|



- और अंत में None option पर क्लिक करें।